an>

Title: Regarding repair of roads.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र संत कबीर नगर का जो प्रमुख, बखेड़ा बाजार है और जो बर्तन उद्योग के लिए भी पूरे देश में जाना जाता है, वहां की सड़क समस्या की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करने के लिए खड़ा हुआ हूं। वहां की सड़क विगत दो वर्षों से अत्यन्त जर्जर हो चुकी है और इसे सुधारने के लिए मैं कई बार स्थानीय प्रशासन और सरकार को पत्र भी लिख चुका हूं, लेकिन इस दिशा में अभी तक कुछ नहीं किया गया है।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र की तहसील खजनी में खजूरी से लेकर सिसवा तक लगभग साढ़े तीन किलोमीटर की सड़क इतनी जर्जर हो चुकी है कि उस पर चलना दूभर हो गया है और आए दिन लोग गिर जाते हैं। चूंकि मैं स्थानीय सरकार को भारतीय जनता पार्टी का सांसद होने के नाते कई बार पत्र लिख चुका हूं, इसलिए वह कार्य नहीं कराया जा रहा है। अतः मेरा आपके माध्यम से विशेÂÂा अनुरोध है कि विकास कार्यों में कोई भी भेदभाव न किया जाए, क्योंकि विकास सबके लिए होता है। उसमें कोई दलगत चीज नहीं देखी जानी चाहिए। जैसे हमारी भारत सरकार 'सबका साथ सबका विकास' का नारा बुलंद कर रही है। इसलिए वह केवल हमारा ही कार्य नहीं है, बल्कि पूरे समाज का कार्य है। इसलिए मैं आपके माध्यम से स्थानीय सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि वहां की क्षतिग्रस्त सड़कों को अविलम्ब बनवाने की कृपा की जाए।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Sharad Tripathi.

Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Sharad Tripathi.